सेंट सिसीलियास पब्लिक स्कूल
हिन्दी दिवस
कक्षा 6-8

हिन्दी दिवस पर आयोजित गतिविधियों पर रिपोर्ट

तिथि – 12.09.2022

करतें हैं तन - मन से वंदन,
जन-गण-मन की अभिलाषा का,
अभिनंदन अपनी संस्कृति का,
आराधन अपनी भाषा का।

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 12.09.2022 को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के कारण गतिविधियों का आयोजन दिनांक 14.09.2022 के स्थान पर दिनांक 12.09.2022 को किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक एवं सफलतापूर्वक गतिविधियों में भाग लिया।

छठी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ का सस्वर वाचन करते हुए भाव अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई एवं भाषा के शुद्ध उच्चारण का उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

सप्तम कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा संवाद अभिव्यक्ति का प्रस्तुतीकरण किया गया। विद्यार्थियों का हिन्दी भाषा का धारा प्रवाह अनूठा था।

आठवीं कक्षा के छात्रों ने विज्ञापन की मौखिक अभिव्यक्ति करते हुए अपने उत्पाद को आकर्षक एवं मनोरंजक भाषा में विज्ञापित किया।

इन गतिविधियों में छात्रों ने उत्साहपूर्वक एवं सफलतापूर्वक भाग लिया।